





डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 237 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 11 जून 2024 | मूल्य 2 रुपया








# तेईस साल में दस बार ही हुई औसत वर्षा

## इस साल अच्छी बारिश का अनुमान, मंदसौर में हर साल बदल रही मानसून की स्थिति



**मंदसौर, 10 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिले में प्री मानसून एक्टिव हो चुका है। वहीं 15 जून से सक्रिय मानसून का अनुमान मौसम विभाग ने लगाया है। इस बार अच्छी बारिश की संभावना भी व्यक्त की है। लेकिन, मंदसौर जिले में मानसून की स्थिति हर साल बदल रही है। वर्ष 2000 के बाद अभी 2023 तक के 23 वर्षों में जिले में मात्र दस बार ही औसत वर्षा हुई है। बाकी 13 साल वर्षा औसत से कम ही रही। वर्षा की कमी के कारण जिले का जलस्तर भी ग्रीष्म ऋतु के दिनों में 40 से 44 मीटर तक नीचे चला जाता है। इसके कारण पेयजल संकट की स्थिति भी निर्मित्त हो रही है।

21 वीं सदी में जिले में 23 साल का सफर देखें तो महज दस बार ही औसत वर्षा का आंकड़ा छुआ है या उससे आगे निकले हैं। 14 साल तो ऐसे रहे जिसमें जिला औसत बरसात 832 मिमी के लिए भी तरस गया था। पिछले साल औसत से अधिक 998 मिमी वर्षा हुई थी। इससे पहले 2020 में जिले में महज 600 मिमी वर्षा हुई थी। 23 वर्षों में जिले में सबसे ज्यादा बारिश 2019 में हुई थी और सबसे कम 2001 में दर्ज हुई थी। जिले में प्रतिवर्ष मानसून की चाल बदलती है। 21 वर्षों में से 13 साल तो ऐसे रहे जब औसत वर्षा भी नहीं हो पाई। बारिश की कमी के कारण सबसे ज्यादा खरीफ सीजन की फसलों में ही दिक्कते होती है, जिले का भूजल स्तर भी गडबड़ाता है। इसके कारण ग्रीष्म ऋतु में पेयजल संकट हर साल उत्पन्न होता है। असमान वर्षा का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि चलित वर्ष सहित 22 वर्षों में से मात्र पांच वर्ष ही 1000 मिमी से अधिक बारिश हुई है और 1250 मिमी से अधिक वर्षा दो बार हुई है। इनमें 2006 में 1400 मिली और 2019 में 2162 मिमी वर्षा हुई है।

### 2019 में हुई सबसे ज्यादा बारिश...

2000 से अब तक के वर्षों में सबसे ज्यादा वर्षा 2019 में हुई थी। इस वर्ष जिले में 2162 मिमी वर्षा हुई थी। इस दौरान लगातार वर्षा से नदियों में क्षमता से अधिक पानी आने से घरों को भी खासा नुकसान हुआ था। सड़के व पुल भी बह गए थे। खेतों में भी पानी भरने से खरीफ की फसलों में भारी नुकसान हुआ था। वर्ष 2000 के बाद पहली बार इतनी ज्यादा बरसात हुई थी। सबसे कम बारिश 2001 में महज 486.4 मिमी हुई थी।

### जिले में कुछ इस तरह हुई औसत वर्षा

| वर्ष | कुल वर्षा | स्थिति |
|---|---|---|
| 2000 | 770.2 | औसत से कम |
| 2001 | 486.4 | औसत से कम |
| 2002 | 508.3 | औसत से कम |
| 2003 | 627.4 | औसत से कम |
| 2004 | 1143.1 | औसत से अधिक |
| 2005 | 657.2 | औसत से कम |
| 2006 | 1400.6 | औसत से अधिक |
| 2007 | 738.2 | औसत से कम |
| 2008 | 704.0 | औसत से कम |
| 2009 | 751.0 | औसत से कम |
| 2010 | 642.2 | औसत से कम |
| 2011 | 1070.9 | औसत से अधिक |
| 2012 | 898.4 | औसत से अधिक |
| 2013 | 1057.5 | औसत से अधिक |
| 2014 | 661.2 | औसत से कम |
| 2015 | 752.6 | औसत से कम |
| 2016 | 961.3 | औसत से अधिक |
| 2017 | 714.1 | औसत से कम |
| 2018 | 865.8 | औसत से अधिक |
| 2019 | 2162.7 | औसत से अधिक |
| 2020 | 600.3 | औसत से कम |
| 2021 | 998.1 | औसत से अधिक |
| 2022 | 874.4 | औसत से अधिक |
| 2023 | 750.4 | औसत से कम |

### 15 जून के बाद जिले में सक्रिय होगा मानसून...

## प्री मानसून की एक्टिविटी, बादलों की आवाजाही का दौर

जिले में प्री मानसून की एक्टिविटीज शुरू हो गई है। दिनभर तेज तपन के बाद शाम को धूल भरी हवा व बादलों की गड़गड़ाहट के साथ जिले के कुछ क्षेत्रों में बूंदाबांदी हो रही है। मौसम विभाग में अगले 2 दिन बारिश की संभावना जताई है, आज भी बूंदाबांदी के आसार बन रहे हैं। जानकारी के अनुसार, जिले में अधिकतम तापमान 40 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री के आसपास बना हुआ है।

मौसम जानकारों के अनुसार मानसून अपनी रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। 18 जून के आसपास इसके मध्यप्रदेश में पहुंचने की संभावना है। मन्दसौर जिले में 25 जून के आसपास मानसून सक्रिय होगा। इससे पहले प्री मानसून की एक्टिविटी रहेगी। मौसम विज्ञान केंद्र भोपाल के सीनियर वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि रविवार को मानसून मुंबई में ऑनसेट हो गया। दो दिन बाद अरब सागर और बंगाल की खाड़ी की ब्रांच कमजोर हो जाएगी, जो एक सप्ताह तक ऐसी ही बनी रहेगी। 17 और 18 जून को बंगाल की खाड़ी की ब्रांच एक्टिव होगी। इसके बाद मानसून मध्यप्रदेश में पहुंच सकता है। इससे पहले, मानसून के प्रदेश में आने की उम्मीद कम ही है। प्रदेश में अभी वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ), साइक्लोनिक सर्कुलेशन एक्टिव है। इस वजह से प्रदेश में आंधी-बारिश का दौर चल रहा है। रविवार को धार, छिंदवाड़ा, रतलाम समेत कई शहरों में आंधी-बारिश वाला मौसम रहा। दूसरी ओर, प्रदेश के कुछ शहरों में गर्मी का असर भी देखने को मिला।



# गांधीसागर : अब मिलेगी चीता प्रोजेक्ट को गति

**भानपुरा, 10 जून गुरु एक्सप्रेस।** गांधीसागर अभयारण्य के रामपुरा पठार क्षेत्र में बने बाड़ो में बारिश के बाद चीते खेलते व मस्ती करते दिखाई देंगे। नामीबिया से चीते लाने की सारी तैयारियां हो गई हैं। वन विभाग ने 6 क्वारेंटाइन बोमा तैयार कर लिए है, जहां शुरू में इन्हें विशेषज्ञों की निगरानी में रखा जाएगा।

तापमान 32 डिग्री से नीचे आते ही इनके भोजन के लिए चीतल को लाने का काम शुरू होगा। गांधीसागर अभयारण्य में 8 हजार 900 हेक्टेयर में बाड़ा तैयार है। यदि दो जुड़वा चीते आते हैं तो उन्हें एक साथ रखना होगा इसलिए बोमा की संख्या 8 तक भी जा सकती है। चीतों के शिकार के लिए वन विभाग द्वारा कुनो से 750, वनविहार से 250 सहित अन्य वन्य क्षेत्र से 250 कुल 1250 चीतल लाना है। इसमें से वन विभाग अब तक 387 चीतल गांधीसागर अभ्यारण्य में छोड़ चुका है। गांधीसागर अभयारण्य के एसडीओ राजेश मंडावलिया के मुताबिक चीतों को लाने की सारी प्रक्रिया केंद्र से हो रही, इसलिए अब केंद्र में मंत्रिमंडल का गठन होते ही प्रोजेक्ट को गति मिलेगी। अफ्रीका से आया डेलीगेशन केंद्र को अपनी रिपोर्ट देगा। संभावना है कि बारिश बाद ठंड की शुरुआत में चीतों को लाया जा सकता है।

# आंगनवाड़ियो की ग्रेडिंग होगी, प्रोफेशनल बनेगा स्टॉफ

## कार्यक्षमता के आधार पर दी जाएगी ग्रेड

**मंदसौर, 10 जून गुरु एक्सप्रेस।** आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाएं अब प्रोफेशनल बनने की राह पर चलेंगी। महिला बाल विकास विभाग ने कार्यकर्ता-सहायिकाओं की स्किल बढ़ाने के लिए ट्रेनिंग दिलाने की योजना बनाई है। मंदसौर सहित मप्र में कुल 97 हजार आंगनवाड़ी केंद्र हैं, जिनमें करीब पौने दो लाख कार्यकर्ता, सहायिकाएं कार्यरत है।

विभाग की योजना के अनुसार आंगनवाड़ी केंद्रों को उनकी कार्यक्षमता के आधार पर ए, ए प्लस, बी, बी प्लस आदि ग्रेडिंग दी जाएगी। जहां कार्यक्षमता कम मिलेगी वहां ट्रेनिंग का फोकस ज्यादा होगा। अधिक कुशलता वाले केंद्रों की कार्यकर्ता -सहायिकाओं को भी ट्रेंनिग दी जाएगी। इसका उद्देश्य आंगनवाड़ी स्टाफ की कुशलता को बढ़ाना है। ट्रेनिंग साल भर लगातार चलती रहेगी।

बता दें कि निप्सिड में मिशन शक्ति, मिशन वात्सल्य, बाल विकास, सक्षम आंगनवाड़ी जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाते हैं। यहां एक्सपर्ट बाल्यकाल के प्रारंभिक सालों में बच्चों की देखभाल कैसे हो, पोषण और खिलौनों से मानसिक विकास पर ट्रेनिंग देते हैं।

# औषधी फसलों को प्लेटफार्म की दरकार

**[ अंतर्राष्ट्रीय बाजार में लगातार बढ़रही मांग, मार्केटिंग का अभाव ]**



**मंदसौर, 10 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिले में औषधीय फसलों की खेती का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। इसके पीछे वजह भी है कि अंतराष्ट्रीय बाजार में जिले की माटी में पैदा हो रही औषधी फसलों की मांग लगातार बढ़ती जा रही है। असालिया गल्फ तो इसबगोल यूरोपियन कंट्री में बहुतायत में जाता है। मानव शरीर को स्वच्थ रखने के लिए इनके कारगर गुणों के कारण इनकी मांग लगातार बढ़ती जा रही है।

जिले में जो औषधी खेती होती है वह परंपरागत खेती के साथ किसान कुछ हिस्सें में करते है। जिले की मिट्टी भले ही इसके लिए उपजाऊहै और वातावरण भी अनुकूल है। लेकिन, जिले का प्रगतिशील किसान औषधी खेती को मुख्य नहीं बल्कि परंपरागत फसल के साथ करते है। औषधी फसलों को लेकर जिले में संभावनाएं अपार है लेकिन प्लेटफॉर्म की जरुरत है। विदेशों तक अपनी साख बनाने वाली जिलें में हो रही औषधी फसलों की खेती से किसान कम लागत और मेहनत में बेहतर दाम ले सकता है।

### इन विशेषताओं के कारण विदेशों में है मांग...

**असालिया**-इसमें कैल्शियम व आयरन अधिक होता है। इसलिए यह 18 साल तक के बच्चों को देते है। जिससे हाईट बढने से लेकर बच्चा स्वस्थ रहे तो पशुपालक भी इसका उपयोग करते है। जिससे दूध उत्पादन बढ़ता है। गल्फ कंट्री जिसमें ओमान, दुबई, कतर सहित अन्य जगहों पर इसकी मांग अधिक होती है।

**इसबगोल**-यह सामान्य तौर पर बाजार में इसबगोल की भूसी के नाम से उपलब्ध होती है। इसके भी कई गुण है। यह शरीर के लिए कई मायनों में लाभदायक है। इसकी मांग यूरोपियन कंट्री में अधिक होती है।

**अश्वगंधा**-यह जोड़ो के दर्द से निजात दिलाने के लिए उपयोगी होती है। तो वहीं तंत्रिका तंत्र को भी एक्टिव रखते हुए ठीक रखती है।

**कालमेघ**- यह लीवर से जुड़े मामलों के लिए कारगर होती है। यह नीम से भी कई गुना अधिक कड़वा होता है। लेकिन, इसके गुण भी उतने ही अच्छे है। इससे लीवर स्वस्थ रहता है और पाचन तंत्र भी ठीक रहता है। तो मानव शरीर भी स्वस्थ रहता है।

**तुलसी**-तुलसी का उपयोग मुख्य रुप से खांसी-सर्दी से जुड़ी बीमारियों में अधिक होता है। यह दो प्रकार की होती है एक राम-श्याम तुलसी जो घर-आंगन में होती है और दूसरी खेती वाली जो किसान करते है। किसान को एक हैक्टेयर में 20 क्विंटल तक उत्पादन इसका मिल जाता है। इससे प्रतिरोधक क्षमता बढती है। काड़े के रुप में इसका अधिक उपयोग होता है।

# भाई ने भाई को पीटा, केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 10 जून गुरु एक्सप्रेस।** रुपए मांगने पर भाई को पीटा, पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। ढोरी निवासी अर्जुन पिता पूनमचंद बलाई ने नाहरगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मैंने मेरे भाई जितेन्द्र ने बकाया रुपए मांगे तो जितेन्द्र व उसके दोस्त सुनील ने मिलकर गाली-गलौज की व मारपीट की। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

# सवारी ले जा रही ट्रैक्टर-ट्राली पलटी, 20 लोग घायल

### माला देवी मंदिर से मन्नत का कार्यक्रम कर लौट रहे थे

**नीमच, 10 जून गुरु एक्सप्रेस। जिले के सिंगोली थानां क्षेत्र के तिलस्वा महादेव रोड़ पर रविवार रात एक सड़क हादसा हो गया। यहां ट्रेक्टर-ट्रॉली पलटने से ट्रॉली में सवार 20 से अधिक लोग घायल हो गए। सभी यात्री तहसील के ग्राम कोज्या निवासी है। जो भील समाज के हैं और मन्नत पूरी करने के लिए मालादेवी के स्थान पर गए थे। लौटते समय ट्रॉली पलट गई और यह हादसा हो गया। फिलहाल सभी घायलों का बड़े अस्पताल में उपचार चल रहा है।**

मिली जानकारी अनुसार रविवार रात को ग्राम कोज्या निवासी भील समाज के लोग ट्रेक्टर-ट्रॉली में सवार होकर तिलस्वा रोड स्थित गांव लालगंज के समीप मालादेवी माताजी के स्थान पर मन्नत पूरी करने गए थे। लौटते समय ट्रेक्टर अनियंत्रित हो गया और ट्रॉली पलटी खा गई। हादसे में ट्रॉली में सवार 20 लोग घायल हो गए हैं, जिन्हें एम्बुलेंस की सहायता से सिंगोली में प्राथमिक उपचार के बाद नीमच रेफर किया गया। जहां घायलों का उपचार जारी है। ट्रैक्टर ट्राली में करीब 30 से 35 लोग सवार थे। गनीमत यह है कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही घायलों का हालचाल जानने तहसीलदार प्रेमशंकर पटेल, नवीन गर्ग, पटवारी घनश्याम पांडेय आदि बड़े अस्पताल पहुंचे। जहां उन्होंने उपचार में हर संभव मदद का भरोसा दिया।

# चार चरणों में होंगे सहकारिता चुनाव, इसी महीने शुरु होगी प्रक्रिया

**मंदसौर, 10 जून गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में सहकारिता चुनाव की प्रक्रिया इसी माह से शुरु हो जाएगी। चुनाव चार चरणों में होंगे। जो जुलाई माह तक चलेंगे। प्राथमिक सहकारी संस्थाओ के चुनाव के बाद मार्केटिंग सोसायटी और जिला सहकारी बैंक के चुनाव होंगे। जारी चुनाव कार्यक्रम के अनुसार मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी ने आयुक्त सहकारिता को यह निर्देश दिए हैं। जारी कार्यक्रम के अनुसार प्रथम चरण में दिनांक 24 जून से 13 अगस्त तक, द्वितीय चरण में 29 जून से 16 अगस्त तक, तृतीय चरण में 13 जुलाई से 03 सितम्बर तक, चतुर्थ चरण में 20 जुलाई से 09 सितम्बर तक निर्वाचन होंगे।


ज्ञान | चरित्र | संस्कार | अनुशासन

**जैन शिक्षण प्रसार समिति**

जयंत भवन महू - नीमच रोड़, मंदसौर (म.प्र.)

50 वर्षों से जैन समाज द्वारा संचालित मंदसौर नगर की अत्यंत प्राचीन एवं गौरवशाली शिक्षण संस्था

**प्रवेश प्रारम्भ**

सत्र 2024-2025

**15 जून से कक्षाएं प्रारम्भ**

1. जैन बाल मंदिर एवं माध्यमिक स्कूल (हिन्दी माध्यम)
   (दोपहर का समय 12.00 से 5.00 तक)
   - नर्सरी कक्षा में प्रॉजेक्टर माध्यम से अध्ययन।
   - प्रत्येक शनिवार को आर्ट एंड क्राफ्ट की कक्षाए।
   - इंडोर गेम की व्यवस्था।
2. जैन बालक उ.मा. विद्यालय (हिन्दी माध्यम)
   (सुबह का समय प्रातः 08.00 से 12.00 बजे तक)
   - वाणिज्य, कला एवं विज्ञान संकाय की कक्षाएं प्रारम्भ

अपने अत्याधुनिक कम्प्यूटर सहित प्रयोगशाला एवं वाचनालय तथा विज्ञान प्रयोगशाला से सुसज्जित परिपूर्ण व्यवस्था के साथ जयंत भवन वन विभाग रोड मंदसौर में संचालित हो रहे है। कक्षा नर्सरी से लगाकर कक्षा बारहवी में प्रवेश प्रारम्भ है। शीघ्र आइये ओर अपने लाडले बच्चे/बच्चियों की इस संस्था में प्रवेश दिलवाकर उनके उज्जवल भविष्य को साकार कीजिये।


**हमारी विशेषताऐं**

(5) शुल्क केवल 10 माह का ही लिया जावेगा।
(6) प्रत्येक विषय के अनुभवी प्रशिक्षित शिक्षक - शिक्षिकाओं द्वारा उत्कृष्ट अध्यापन की व्यवस्था।
(7) शासन की समस्त प्रकार की छात्रवृत्तियों का लाभ मिलता है।
(8) कोर्स एवं ड्रेस अभिभावक स्वयं इच्छा अनुसार दुकान से खरीदे।

प्राचार्य
कमलकिशोर सक्सेना
जैन बालक हायर सेकेंडरी विद्यालय
मोबा. नं. 9827092022

प्राचार्य
डॉ. रमीला जैन
जैन बाल/माध्यमिक स्कूल
मोबा.नं. 07422357822, 7999494857


# मोदी कैबिनेट में शाह, राजनाथ, गडकरी, जयशंकर, निर्मला को पुराने मंत्रालय, शिवराज को कृषि विभाग मिला



**नई दिल्ली, 10 जून।** मोदी सरकार के विभागों का बंटवारा सोमवार शाम 6।30 बजे कर दिया गया। अमित शाह को फिर से गृह मंत्री, राजनाथ सिंह को रक्षा मंत्री, नितिन गडकरी को सड़क मंत्री बनाया गया है। एस जयशंकर के पास विदेश मंत्रालय ही रहेगा। जबकि निर्मला सीतारमण का वित्त मंत्रालय बरकरार रखा गया है।

वहीं शिवराज सिंह को कृषि मंत्रालय का जिम्मा दिया गया है। मनोहर लाल खट्टर को ऊर्जा विभाग दिया गया है। नितिन गडकरी के साथ दो राज्य मंत्री रहेंगे। अजय टम्टा और हर्ष मल्होत्रा को सड़क मंत्री परिवहन राज्य मंत्री बनाया गया है। शपथ ग्रहण के 23।30 घंटे बाद विभागों का बंटवारा हुआ। इससे पहले विभागों का बंटवारा करने में 2019 में 18 घंटे और 2014 में 15।30 घंटे लगे थे। रविवार को मोदी के साथ 71 मंत्रियों ने शपथ ली। इनमें 30 कैबिनेट मिनिस्टर और 5 स्वतंत्र प्रभार मंत्री और 36 राज्य मंत्री हैं।

**मोदी केबिनेट 0.3 के मंत्रियों के विभाग का बंटवारा-** ✻ नितिन गडकरी को सड़क परिवहन मंत्रालय ✻ अजय टम्टा और हर्ष मल्होत्रा सड़क परिवहन राज्यमंत्री ✻ एस जयशंकर को विदेश मंत्रालय, ✻ राजनाथ सिंह को रक्षा मंत्रालय, अमित शाह को गृह मंत्रालय ✻ निर्मला सीतारमण को वित्त मंत्रालय ✻ मनोहर लाल को ऊर्जा मंत्रालय, शहरी विकास मंत्रालय ✻ तोखन साहू शहरी विकास मंत्रालय में राज्यमंत्री ✻ श्रीपद नाइक ऊर्जा मंत्रालय में राज्यमंत्री ✻ वित्त मंत्री बनी रहेंगी निर्मला सीतारमण ✻ हरदीप सिंह पुरी पेट्रोलियम मंत्री बने रहेंगे ✻ पीयूष गोयल को वाणिज्य मंत्रालय ✻ अश्विनी वैष्णव को सूचना प्रसारण मंत्रालय ✻ शिवराज सिंह चौहान को कृषि मंत्रालय ✻ धर्मेंद्र प्रधान को HRD मंत्रालय का प्रभार ✻ शोभा करंदलाजे लघु उद्योग राज्यमंत्री ✻ जीतनराम मांझी लघु उद्योग मंत्री बने ✻ किरेन रिजिजू संसदीय कार्य मंत्री बने ✻ सीआर पाटिल को जलशक्ति मंत्रालय ✻ राम मोहन नायडू को नागरिक उड्डयन ✻ गजेंद्र शेखावत संस्कृति और पर्यटन मंत्री ✻ सुरेश गोपी राज्यमंत्री संस्कृति और पर्यटन ✻ भूपेंद्र यादव को पर्यावरण मंत्रालय ✻ जेपी नड्डा को स्वास्थ्य मंत्रालय ✻ चिराग पासवान को खेल और युवा कल्याण मंत्रालय ✻ सर्बानंद सोनोवाल को पोर्ट शिपिंग मंत्रालय ✻ शांतनु ठाकुर पोर्ट शिपिंग राज्यमंत्री।

# गायत्री परिवार व वर्क संस्था द्वारा 8 साल से व्याप्त गंदगी को अभियान चलाकर साफ किया जा रहा

**मंदसौर, 10 जून गुरु एक्सप्रेस।** कालाखेत स्थित अक्काशी वाली बावडी जो प्राचीन बावडी है लेकिन यहां गंदगी का ढेर लगा हुआ है।यहां पर 8 साल से गंदगी व्याप्त है तथा इसकी सुध इन सालों में किसी ने नहीं ली। गायत्री परिवार व वर्कसंस्था द्वारा विगत 6 सप्ताह से श्रमदान कर गंदगी निकाली जा रही है। जब तक बावडी साफ नहीं होगी यहां सफाई अभियान चलता रहेगा।

यहां श्रमदान करने वाले श्रमदानियों ने कहा कि कालाखेत स्थित यह बावडी पूरी तरह साफ हो जाये तो इस क्षेत्र के वासियों को पर्याप्त मात्रा में पानी मिल सकेगा। क्षेत्र के हैंडपंप, कुएं और ट्यूबवेल में पर्याप्त मात्रा में वाटर लेवल पूरे साल बना रहेगा। श्रमदानी हर्ष शर्मा ने कहा कि जब तक जन अभियान नहीं चलेगा तब तक सफाई का महत्व नहीं होगा। सफाई सबको अच्छी लगती है इसलिये सफाई अभियान में सभी को भाग लेना चाहिए। वार्डवासी को भी इस अभियान में सहयोग करना चाहिए। पर्यावरण प्रेमी व सफाई अभियान प्रभारी रमेश सोनी ने प्रात: 7 से दोप.1 बजे तक छ: घण्टे सफाई का कार्य किया। उन्होंने कहा कि मैं तेलिया तालाब पर अकेला पौधे लगाता हूॅ और गायत्री परिवार में अभियान चलाकर जल बचाओ अभियान में कार्य करता हॅू। मैं कार्य में विश्वास करता हॅू। रैली निकालकर कार्य नहीं होता है। कार्य करने से होता है। आज गायत्री परिवार के सदस्य जो इस कार्य में लगे रहते है। हम को भी अच्छे कार्य करते रहने से एक अच्छी ऊर्जा का संचार होता है। वर्क संस्था के मुजफ्फर मंसूरी ने कहा कि आने वाले समय में पानी पर ही युद्ध लड़ा जायेगा। आज बड़े-बड़े महानगरों में पानी खरीदकर जीवन चलाया जा रहा है। पहले समय में पानी बावड़ी, तालाब, नदी से ही मिलता था। आज इन्हें पुनर्जीवित करना होगा। जल अभियान, पर्यावरण अभियान व स्वच्छता अभियान चलाकर नगर का शुद्ध जल व शुद्ध हवा का नेक कार्य गायत्री परिवार द्वारा किया जा रहा है। योगेश सोम ने कहा कि 2011 से 2026 मिशन चार अभियान समय-



समय पर चलाए जा रहे है। जो आज के समय में बहुत ही जरूरी है। गंदगी से बीमारी का खतरा रहता है। हम पर्यावरण शुद्ध रखेंगे तो शुद्ध हवा मिलेगी। वार्ड के बगीचों व बावड़ियों का साफ रखना वार्डवासियों का भी कर्तव्य है। सभी को सप्ताह में दो घंटे श्रमदान करना चाहिए। अभियान में रमेश सोनी, फिरोज मंसूरी, जाफर, मुजफ्फर, दिनेश पोरवाल, ललित भाटी, वार्डपार्षद प्रतिनिधि अमन फरक्या, अंशुल भाटी, लक्ष्मी बावेल, लीलाबाई व नपा टीम ने श्रमदान किया।

## नगर एवं ग्राम निवेश टीएनसी का कार्यालय मंदसौर में खोला जावे

**मंदसौर, 10 जून गुरु एक्सप्रेस।** महा नगर की तर्ज पर विकसित होता मंदसौर शहर तेजी से नित नये किर्तीमान स्थापित कर रहा है। अविभाजित मंदसौर जिले का हिस्सा नीमच रहा है। ऐसे मे आजादी से ही नीमच मे ही नगर एवं ग्राम निवेश मे कॉलोनी एवं जमीनों के लेनदेन डवलोपमेंट का कार्यालय नीमच ही है। आम जन मानस कॉलोनाईजरों खेती किसानी तथा खरीदी बिक्री वालों का बार बार नीमच के चक्कर लगाना होते है जो अब उचित नही है। मंदसौर जिला अपने आप मे स्वतंत्र जिला है साथ ही संसदीय क्षेत्र का गढ़ है ऐसे मे नीमच जिले का कार्यालय नीमच ही रहे और मंदसौर मे भी जिला स्तर पर ग्राम निवेश टीएनसी का कार्यालय जिला मुख्यालय पर खोला जाना अनिवार्य है। इस आशय की मांग करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता मनीष पारीख सर ने कहा की सन 2012 से मंदसौर नगर का मास्टर प्लॉन विभागीय नियमो मे गोते खा रहा है जिस पर तुरंत अमल किया जावे।



# नपा के अभियान में जल स्त्रोतों की हो रही सफाई

### नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर, नपा उपाध्यक्ष श्रीमती चावला, सभापति जैन ने श्रमदान किया

**मंदसौर, 10 जून गुरु एक्सप्रेस।** नगर पालिका परिषद मंदसौर के द्वारा सोमवार को भी कुओं बावडियो की सफाई का विशेष कार्य किया जारहा है, मध्य प्रदेश शासन के जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत दिनांक 6 से 16 जून तक प्रदेश की नगरीय निकायों के द्वारा पुराने कुओं बावडियो की सफाई की जा रही है इसी के अंतर्गत नगर पालिका परिषद प्रतिदिन मंदसौर नगर के ऐसे कुओं जो पेयजल के लिए उपयुक्त है और जिनके सफाई कार्य की जरूरत है उनकी सफाई का कार्य किया जा रहा है मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव की मंशा के अनुरूप नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर के निर्देश पर नगर पालिका परिषद प्रतिदिन अलग-अलग कुआं बावडियो की सफाई का कार्य कर रही है कल सोमवार को इसके अंतर्गत अभिनंदन क्षेत्र के वार्ड कुआं बावडियो की सफाई की गइ। कल सोमवार नंदा नगर शखेश्वर विहार आनंद विहार शंकर विहार एवं वेदांत विहार क्षेत्र के कुआं बावडियो की सफाई का कार्य शुरू किया गया इसके अंतर्गत इन क्षेत्रों के कुआं बावडियो के आसपास क्षेत्र की सफाई की गई ताकि कुऐ बवडीयो का पानी गंदगी के कारण प्रदूषित न हो इसके साथ ही जिन को कुआं बावडियो में गंदगी गाद कूड़ा करकट पड़ा था उसे भी निकला गया। नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला जलकर सभापति निलेश जैन पार्षद गण सत्यनारायण भाभी आशीष गौड श्रीमती सुनीता नंदलाल गुजरिया दीपक गाजवा, कमलेश सिसोदिया, जिला रेडक्रॉस सोसायटी अध्यक्ष प्रीतेश चावला, पार्षद प्रतिनिधि नंदलाल गुजरिया, भाजपा नेता अर्जुन धनगर विक्रम गुर्जर ने नंदा नगर पहुंचकर यहां के कुआं की सफाई में श्रमदान भी किया और क्षेत्र के नागरिकों से जल स्त्रोतों की सफाई रखने की अपील भी की

**इन कुआं बावडियो की भी की गई सफाई**–नगर पालिका परिषद के द्वारा प्रारंभ किए गए इस अभियान के अंतर्गत रविवार को वार्ड क्रमांक 39 के केशव कुंज यश नगर सुयश विहार कर्मचारी आवास कॉलोनी क्षेत्र के कुओ की सफाई की गई विगत दिनों वार्ड क्रमांक 22 व 37 के जमींदार कॉलोनी सिद्ध चक्र विहार रेवास देवड़ा रोड के कुओं की सफाई भी की गई थी इसके साथ ही आगामी समय में अन्य क्षेत्रों में भी इस अभियान के अंतर्गत कुओं की सफाई की जावेगी

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कुकडेश्वर एवं सरवानिया महाराज में...

# श्रमदान कर बावड़ी एवं तालाब की साफ-सफाई की



**नीमच, 10 जून गुरु एक्सप्रेस।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सोमवार को नीमच जिले के कुकड़ेश्वर के वॉर्ड क्रमांक,03 मैं म सास बहू की बावड़ी की साफ सफाई की गई। इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमति उर्मिला पटवा, उपाध्यक्ष श्री मति सोनाली पटवा मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री कमल सिंह परमार, अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री महेंद्र पटवा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री उज्ज्वल पटवा एवं नगर परिषद कुकडेश्वर के कर्मचारियों ने स्वच्छता के लिए श्रमदान कर बावड़ी की साफ सफाई की।

जल गंगा संवर्धन अभियान अन्तर्गत सोमवार को सरवानिया महाराज के वॉर्ड 06 मे गमु तलाई पर स्वच्छता के लिए श्रमदान कर साफ सफाई की गई। इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष श्री रूपेंद्रसिंह जैन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री गिरीश शर्मा, नगर परिषद सरवानिया महाराज के कर्मचारियों ने स्वच्छता के लिए श्रमदान कर, तलाई की कर साफ सफाई की। जनभागीदारी से श्रमदान कर नाले व बावडी की साफ-सफाई:- जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सोमवार को नगर परिषद जावद व्दारा सावलियां नाले की साफ-सफाई जनभागीदारी से की गई। एसडीएम जावद श्री राजेश शाह ने नगर परिषद व्दालरा जनभागीदारी से जावद में सांवलियां नाले की श्रमदान कर साफ-सफाई कार्य और बावडी की साफ-सफाई के कार्य का निरीक्षण कर जायजा लिया। इस मौके पर सीएमओ श्री जगजीवन शर्मा व न.पा. के कर्मचारी उपस्थित थे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत संगोष्ठी एवं श्रमदान कार्यकम आयोजित



**नीमच, 10 जून गुरु एक्सप्रेस।** जल गंगा सर्वधन अभियान के अंतर्गत मप्र जन अभियान परिषद जिला नीमच के जिला समन्वआयक वीरेन्द्रे सिंह ठाकुर एवं ब्लॉक समन्वयक महेन्द्र पाल सिंह भाटी के मार्गदर्शन में जल संरक्षण को लेकर आज तक्षिला कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र मनासा में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति आंतरी बुजुर्ग द्वारा जल संरक्षण को लेकर संगोष्ठी की गई जिसमे उपस्थित सभी छात्रोंओ को मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के मेंटर्स राम धनगर द्वारा जल संरक्षण, जल स्त्रोतों, वृक्ष रोपण को लेकर जागरूक किया गया साथ सभी छात्रओ को एक वृक्ष लगाने का संकल्प भी दिलाया। मनासा की नवांकुर संस्था विवेकानंद युवा मंडल द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ग्राम शेषपुर के सहयोग से जनसहयोग द्वारा जेसीबी के माध्यम से तालाब गहरीकरण का कार्य एवं श्रमदान कार्यक्रम किया गया इस अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यगण ग्रामवासी एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास कार्यक्रम के छात्र एवं परामर्शदाता उपस्थित रहे। इसी प्रकार जावद तहसील के नयागांव में स्कूली छात्र छात्राओं के साथ जल संवर्धन पर चित्रकला प्रतियोगिता और जल संरक्षण संगोष्ठी की गतिविधि की गई एवं जल संवर्धन व संरक्षण की शपथ दिलाई गई कि हम अपने घर आसपास मोहल्ले में सभी को पानी बचाने के लिए प्रेरित करेंगे वह एक-एक पौधा हम लगाएंगे और उसे जीवित रखेंगे ऐसी शपथ ली गई इस अवसर पर एमएसडब्ल्यू व बीएसडब्ल्यू के छात्र छात्राएं एवं मेंटर्स उपस्थित है।

## कहीं तालाब गहरा करने तो कहीं नदी, नालों के सौंदर्यीकरण में जुटे हैं ग्रामीणजन

**मंदसौर, 10 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिले में कहीं नदी-नाला तो कहीं तालाब और कहीं पर्कुलेशन टैंक तो कहीं कंटूर ट्रैंच बनाने में ग्रामीणजन जुटे हैं। जिले की जल संरचनाओं, तालाब, बावड़ी का गहरीकरण सरकारी योजनाओं एवं जन सहयोग से हो रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वर्षा जल की बूँद-बूँद सहेजने के लिये सरकार व समाज के साझा प्रयासों से जल संरक्षण के यह सब काम हो रहे हैं। तालाब के पानी का उपयोग ग्रामीणों की निस्तार संबंधी जरूरतों के साथ-साथ सिंचाई में भी होगा।इस दौरान नगर पालिका सीएमओं श्री सुधीर कुमार, नायब तहसीलदार एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बालाजी वाली बावड़ी पर सीएमओ व तहसीलदार ने किया श्रमदान



**मंदसौर, 10 जून गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश शासन, जन अभियान परिषद व नगरपालिका के तत्वाधान में नदियों एवं जलाशय को पुनर्जीवन देना, जल गंगा संवर्धन अभियान में नागरिकों की भागीदारी में इस काम को आगे बढ़ाया है। नयापुरा रोड बावड़ी वाले बालाजी की आस्था की प्रतीक बावड़ी की सफाई के लिए संस्थाओं ने किया श्रमदान लगातार छ: दिनों से बावड़ी की सफाई का कार्य किया जा रहा है छठवें दिन नगरपालिका मंदसौर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुधीर कुमार, तहसीलदार रमेश मासरे मंदसौर ने श्रमदान किया और कई स्वयंसेवी संस्थाएं एवं सामाजिक कार्यकर्ता बढ चढकर हिस्सा ले रहे हैं। श्रमदान रोजाना सुबह 7 से 9 बजे तक चलाया जाकर बावडी से कचरा एवं गाज निकालने का कार्य किया जा रहा है। श्रमदान में सामाजिक कार्यकर्ता विनय दुबेला, वार्डपार्षद प्रतिनिधि अमन फरक्या, महेश दुबे, अजीजुल्लाह, शौकीन नलवाया, नरेन्द्र, ललीत भाटी, हरिओम गंधर्व, राजाराम तंवर, रमेश सोनी, सरोज बावेल, गोपाल माली, निलेश ग्वाला, पैरा लीगल वालंटियर उषा सोलंकी, मोहिनी सिंह राणा, संजय नीमा, नगर विकास प्रस्फुटन समिति से विनोद मेहता, संतोष सालवी, जन अभियान परिषद मंदसौर विकासखंड मंदसौर से चयनित नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि दिनेश सोलंकी, रतनलाल चौहान, मंजू भावसार, लाला भाई अजमेरी एवं नगरपालिका मंदसौर के कर्मचारी, शहर के कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## पीजी कॉलेज में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत निबंध प्रतियोगिता सम्पन्न

**मंदसौर, 10 जून गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के प्राचार्य डॉ. एल. एन. शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा जल गंगा संवर्द्धन अभियान के अंतर्गत 10 जून 2024 को 'जल संरक्षण' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला संगठक डॉ. के. आर. सूर्यवंशी, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अनिल कुमार आर्य एवं प्रो. संजय पंवार के संयोजन में जल संवर्धन हेतु विद्यार्थियों को जागरूक करने हेतु आयोजित इस निबन्ध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने 'जल संरक्षण' विषय पर निबंध लिखें। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य ने विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में जल संरक्षण के उपायों को बताया एवं जिला संगठक डॉ. सूर्यवंशी ने भविष्य में होने वाले जल संकट से विद्यार्थियों को अवगत कराया। जल संरक्षण पर आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर एम. ए. द्वितीय वर्ष के छात्र हिमांशु पांडेय, द्वितीय स्थान पर बी. ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा अंजु बाला बसेर एवं तृतीय स्थान पर बी. ए. द्वितीय वर्ष के छात्र पीयूष जगावत रहें।

# एनसीसी अधिकारियों की हुई पदोन्नति



**मंदसौर, 10 जून गुरु एक्सप्रेस।** 5 मध्यप्रदेश स्वंतत्र कम्पनी एन सी सी, नीमच एनसीसी अधिकारियों की हुई पदोन्नति ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी ओटीए नागपुर कामठी में एक माह का रिफ्रेशर कोर्स पूर्ण करने के पश्चात डीजी एनसीसी निदेशालय के आदेश अनुसार पदोन्नति के आदेश प्राप्त हुए हैं जिन्हें आज 5 मध्य प्रदेश बटालियन के एनसीसी अधिकारी विक्रम शर्मा सेकंड ऑफिसर के स्थान पर एवं धीरज शुक्ला सेकंड ऑफिसर, केयर टेकर कुलदीप सिंह चंद्रावत थर्ड अफसर और केयर टेकर राहुल दास बैरागी थर्ड अफसर के पद पदोन्नत हुए। पदोन्नति का कार्यक्रम आज 5 मध्य प्रदेश स्वतंत्र कंपनी एनसीसी नीमच स्थित कनावटी में रैंक सेरेमनी आयोजित की गईं जिसमें कमान अधिकारी कर्नल रिजवान खान द्वारा लगाई गई इस मौके टूप कमांडर फर्स्ट ऑफिसर विजय सिंह पुरावत, नायब सूबेदार राजकुमार, नायब सूबेदार जयराम बड़क, यूनिट स्टाफ और एन सी सी अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्वामी श्री केशवस्वरूपजी महाराज का पुण्यतिथि महोत्सव 13 को मनाया जाएगा

**मंदसौर, 10 जून गुरु एक्सप्रेस।** श्री केशव सत्संग भवन के संस्थापक ब्रह्मलीन पूज्यपाद 1008 श्री स्वामी केशवस्वरूपजी महाराज उदासीन का पुण्यतिथि महोत्सव ज्येठ शुक्ल सप्तमी दिनांक 13 जून, गुरूवार को मनाया जावेगा।

उक्त जानकारी देते हुए श्री केशव सत्संग भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीशचन्द्र सेठिया ने बताया कि 13 जून को प्रात: 8 बजे से स्वामीजी के श्री विग्रह का अभिषेक पूजन, पश्चात् 9 बजे से सामूहिक सुंदरकांड का पाठ आरती और प्रसार वितरण होगा। श्री केशव सत्संग भवन ट्रस्ट अध्यक्ष जगदीश चन्द्र सेठिया, राधेश्याम गर्ग, जयप्रकाश गर्ग, मदनलाल गेहलोद, कारूलाल सोनी, प्रहलाद काबरा, सत्यनारायण सोमानी, प्रवीण देवड़ा, जगदीश भावसार, जगदीश गर्ग, संतोष जोशी, सूरजप्रकाशसिंह, राजेश तिवारी, अजय सिखवाल, बंशीलाल टांक, अजय मित्तल ने सभी धर्मावलम्बी श्रद्धालुजनों से धर्मलाभ लेने की अपील की है।

## किसानों की ट्रक से 2.85 क्विंटल लहसुन चोरी

**पिपलियामंडी, 10 जून गुरु एक्सप्रेस।** कृषि उपज मंडी में लहसुन लेकर आए किसानों की ट्रक से चोर करीब लहसुन के बाक्स चोरी कर ले गए। इसकी शिकायत किसान ने पिपलिया पुलिस चौकी पर दर्ज कराई। देपालपुर (इंदौर) निवासी किसान प्रकाश पिता वासुदेव तंवर ने बताया कि उसके ट्रक से 35 किलो के तीन बाक्स (1 क्विंटल 5 किलो) एवं नान्दरा (देपालपुर) निवासी सतीष पिता रामसिंह सांखला के ट्रक से 60 किलो के तीन कट्टे (1 क्विटल 80 किलो) लहसुन अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गए।

## डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन सम्पन्न

**मंदसौर, 10 जून गुरु एक्सप्रेस।** सोमवार को नपा के द्वारा बसेर कालोनी मुख्य मार्ग के डामरीकरण कार्य का भूमि पूजन किया गया वार्ड क्रमांक 11 व 12 के मध्य चार्टर बस कार्यालय से लेकर आरस नेत्र चिकित्साल तक होने वाले इस डामरीकरण कार्य का भुमि पुजन नपाध्यक्ष श्रीमति रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने किया, इस अवसर पर पूर्व नपाध्यक्ष रामकोटवानी नपा उपाध्यक्ष नम्रता प्रीतेश चावला, पार्षद सुनीता भावसार, सीएमओ सुधीरकुमार सिह, समाज सेवी विशाल नाहर भी उपस्थित थे। इस डामरीकरण कार्य पर लगभग 8 लाख रूपये की राशि खर्च होना है।

# अतिथि शिक्षक पोर्टल पर 15 तक पंजीकरण करवाए

**नीमच, 10 जून गुरु एक्सप्रेस।** शैक्षणिक सत्र 2024-25 में शासकीय विद्यालयों में रिक्त पदों के विरूद्ध अतिथि शिक्षक के लिए नवीन आवेदकों के पंजीकृत आवेदकों की जानकारी को अद्यतन करने हेतु विभागीय ॠॠचड पोर्टल पर सुविधा 15 जून 2024 तक उपलब्धद है। नवीन आवेदक जो शासकीय शालाओं में अतिथि शिक्षक के रूप कार्य करने हेतु इच्छुदक है वे लिंक के माध्य म से पंजीकरण कर सकते है। आधार ई-केवायसी, शैक्षिणिक एवं व्यादवसायिक योग्य ता की जानाकारी, शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018 या उसके पश्चाछत उत्तीवर्ण की जानकारी अपलोड करने के उपरांत पंजीकरण में दर्ज समस्ता योग्यरताओं की मूल अंकसूची लेकर संकुल प्राचार्य से आवेदन को ऑनलाइन सत्यापन उपरांत स्कोर कार्ड जनरेट होगा। पूर्व से पंजीकृत आवेदकों को शैक्षिणिक/व्यांवसायिक योग्य ता दर्ज करने के पूर्व अपनी प्रोफाइल अनलॉक कर नवीन शैक्षिणित एवं व्याकवसायिक योग्यलता की जानकारी अपडेट/संशोधित करना होगी एवं अपडेट/संशोधित जानकारी संकुल प्राचार्य से आनलाइन सत्यासपित कराई जाना होगी। विभाग द्वारा उत्तप कार्य हेतु अंतिम तिथि 15 जून 2024 निर्धारित की गई है। यह जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी श्री सी.के.शर्मा ने दी है।

## कलेक्टोरेट में जनसुनवाई आज

**नीमच, 10 जून गुरु एक्सप्रेस।** जन समस्याओं के निराकरण के लिए प्रति सप्ताह मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई कार्यक्रम आज मंगलवार 11 जून 2024 को प्रात: 11 बजे से पुन: प्रारंभ हो रहा है। डिप्टी कलेक्टर सुश्री किरण आंजना ने बताया, कि मंगलवार 11 जून को प्रात: 11 बजे से कलेक्टोरेट सहित सभी कार्यालयों में जनसुनवाई होगी। कलेक्टर कार्यालय सहित सभी कार्यालयों में जनसुनवाई में ग्रामीणों की समस्याओं की सुनवाई की जाकर उनका निराकरण किया जावेगा।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 39 | 2280 | 2412 |
| उडद | 000 | 0000 | 0000 |
| सोयाबीन | 4000 | 3991 | 4621 |
| गैहु | 5000 | 2521 | 3201 |
| चना | 435 | 6001 | 6700 |
| मसुर | 234 | 5800 | 6341 |
| धनिया | 280 | 4501 | 7351 |
| लहसुन | 13000 | 6500 | 18500 |
| मैथी | 910 | 3931 | 5971 |
| अलसी | 1371 | 5620 | 6159 |
| सरसो | 598 | 4980 | 5515 |
| तारामीरा | 000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 158 | 11000 | 13800 |
| प्याज | 3000 | 600 | 2200 |
| कलोंजी | 25 | 15000 | 20500 |
| डॉलर | 53 | 7250 | 9701 |
| तिल्ली | 200 | 9500 | 12159 |
| मटरसुखी | 2 | 2400 | 3499 |
| असालीया | 76 | 8700 | 10040 |

## कार्यालय नगर पालिका परिषद् मन्दसौर (म.प्र)

क्रमांक 1234/नामांतरण /2024 | **नामातंरण विज्ञप्ति** | मन्दसौर दिनांक 10.06.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय को निम्नलिखित भवनों/ भूमियों पर नामातंरण हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुए है। जिस किसी को इन आवेदनो पर आपत्ति हो तो उक्त विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति मय ठोस दस्तावेज के साथ प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा तथा नियमानुसार नामातंरण की कार्यवाही की जावेगी। सूचित हो।

| क्र. | प्रकरण क्र. | मोहल्ला | वार्ड नं. | प्लाट/ मकान नं. | नगर पालिका रिकार्ड में दर्ज नाम | अंतरण कराने वाले का नाम | किसके हक में अंतरण होगा | माध्यम/ आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 676×7/2024 | कीर्ति विहार | 5 | प्लांट नं. 83 | बंशीलाल पिता मोहनलाल गुर्जर | बंशीलाल पिता मोहनलाल गुर्जर | सुभाषचंद्र पिता कन्हैयालाल गुप्ता | विक्रय पत्र |
| 2 | 677×7/2024 | वरुण विहार | 5 | प्लांट नं. 22 | विकास पिता राजेन्द्रप्रसाद पालीवाल व आदि | पिंकेश पिता राजकुमार बाफना | दिनेशकुमार पिता कन्हैयालाल तिवारी | विक्रय पत्र |
| 3 | 678×7/2024 | शंकर विहार गोल्ड | 5 | प्लांट नं. 178 | मेसर्स कृष्णा कस्ट्रक्शन एण्ड डेवलपर्स नरेन्द्र कुमार पिता मोहनलाल गर्ग व आदि | मेसर्स कृष्णा कस्ट्रक्शन एण्ड डेवलपर्स नरेन्द्र कुमार पिता मोहनलाल गर्ग व आदि | मनोहरलाल आंजना पिता गोवर्धनलाल | विक्रय पत्र |
| 4 | 679×7/2024 | न्यू आनंद विहार 1 | 5 | प्लांट नं. 166 | मोहनलाल पिता झमटमल मेघनानी द्वारा मु.आ. गोपाल पिता गोविंदराम मेघनानी | मोहनलाल पिता झमटमल मेघनानी द्वारा मु.आ. गोपाल पिता गोविंदराम मेघनानी | खेमचंद पिता झामनदास होतवानी | विक्रय पत्र |
| 5 | 680×7/2024 | गांधी नगर | 39 | प्लांट नं. एमआईजी जेआर 102 | म.प्र. गृह निर्माण मंडल | महिपाल पिता प्रशांतसिंह चुण्डावत | योगेशकुमार पिता जानकीलाल सैनी | विक्रय पत्र |
| 6 | 681×7/2024 | म.प्र. गृह वर्ग शा.कर्म. गृह निर्माण समिति | 39 | मकान नंबर 105 | म.प्र. गृह निर्माण मंडल संचालक कैलाश पाठक | वासुदेव पिता रामलाल सोलंकी | भावनाकुंवर पति चंद्रपाल राजपूत | विक्रय पत्र |
| 7 | 682×7/2024 | अशोक मार्ग | 23 | मकान नंबर 232 | स्व. बाबूलाल पिता नंदलाल देवड़ा | स्व. बाबूलाल पिता नंदलाल देवड़ा | हीरादेवी पति स्व. बाबूलाल देवड़ा | विक्रय पत्र |
| 8 | 693×7/2024 | महादेव विहार | 22 | प्लांट नंबर 76 | स्व. दीपिका पति स्व. हिमांशु शर्मा | स्व. दीपिका पति स्व. हिमांशु शर्मा | वेदिका पिता स्व. हिमांशु शर्मा, वृष्टि पिता स्व. हिमांशु शर्मा ना.बा. सरपरस्त दीपक पिता सोहनलाल | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 9 | 694×7/2024 | गौतम नगर रोड 1 | 18 | मकान नं. 2 | स्व. गणपत पिता वरदीचंद सोनी | स्व. गणपत पिता वरदीचंद सोनी | 1. जस्सुबाई पति स्व. गणपत सोनी 2. भूपेन्द्र पिता स्व. गणपत सोनी 3. अनिल पिता स्व. गणपत सोनी | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 10 | 695×7/2024 | जे. माणक रेसीडेंसी | 04 | प्लांट नंबर 133 | उपेन्द्रकुमार पिता भूता | सुरेशकुमार पिता माणेलाल नागर एवं मु.आ. उपेन्द्रकुमार पिता दीपक भुता व आदि | दीपिला पति विवेककुमार अग्रवाल | विक्रय पत्र |
| 11 | 696×7/2024 | अशोक मार्ग | 23 | मकान नंबर 238 | स्व. अन्नुबाई पति सज्जनलाल जोशी | स्व. अन्नुबाई पति सज्जनलाल जोशी | सज्जनलाल पिता स्व. फूलचंद जोशी | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 12 | 697×7/2024 | जे.एम. गोल्ड. | 04 | प्लाट नंबर 113 | पवनकुमार पिता बलराम सेठिया | पवनकुमार पिता बलराम सेठिया | टमा पति पवनकुमार बलराम सेठिया | विक्रय पत्र |
| 13 | 698×7/2024 | यश नगर फेस 4 | 39 | प्लाट नंबर 39 | बाबुलाल पिता चांदमल सोनी व आदि | चित्रा पति आशीष सोनी | रीना पति यशवंतकुमार शर्मा | विक्रय पत्र |
| 14 | 699×7/2024 | गुरुकृपा विहार | 12 | प्लाट नंबर बी-1 | वीरेन्द्र पिता स्व. राजमल मारु | वीरेन्द्र पिता स्व. राजमल मारु | प्रीति गौड़ पति हरवंशराम गौड़ | विक्रय पत्र |
| 15 | 700×7/2024 | जिनकुशल विहार सी | 39 | प्लाट नंबर सी-2 | टीना पति गोपाल मुंदड़ा | कौशल्या पति स्व. प्रहलाद बंधवार व आदि | 1. विनोद पिता बलदेव चौहान 2. बिंदिया पति विनोद चौहान | विक्रय पत्र |

राजस्व अधिकारी
नगर पालिका मन्दसौर (म.प्र.)

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मन्दसौर (म.प्र.)

# मप्र के करीब 350 पशु मेला एवं हाट बाजार के माध्यम से हो रही है गौ तस्करी, ऐसे मेलों पर लगे प्रतिबंध

## विहिप गौरक्षा विभाग ने गौ तस्करी व गौ हत्या रोकने की मांग को लेकर दिया ज्ञापन



**मंदसौर, 10 जून गुरु एक्सप्रेस।** विश्व हिन्दू परिषद/बजरंग दल गोरक्षा विभाग जिला मंदसौर द्वारा प्रदेश में बढ़ती गो तस्करी ओर गो हत्या को रोकने ओर गौतस्करी करने वालो के खिलाफ कड़ा क़ानून बनाए जाने की मांग को लेकर 10 जून सोमवार को महाराणा प्रताप बस स्टेण्ड पर बड़ी संख्या में गौ प्रेमियों एवं सर्व हिन्दू समाजजन ने एकत्र होकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम एक ज्ञापन अपर कलेक्टर एकता जायसवाल को दिया।

दिये गये ज्ञापन में मुख्यमंत्री से कहा कि आपके द्वारा गोरक्षा संवाद पर गोशालाओं को दान की राशि बढ़ाई यह वर्ष गोरक्षा संकल्प वर्ष मनाने का निर्णय कर गोमाता (गोवंश) की रक्षा के संकल्पित हैं इसका विहिप गोरक्षा विभाग स्वागत करता है। किन्तु गोरक्षा संकल्प के सरकार मंशा के विपरित गोवंश तस्करी तेज गति से बड़ी और गोतस्कर निडर होकर बड़ी संख्या में गोवंश तस्करी कर रहें। ज्ञात हो पिपल्यामण्डी 47 ट्रक गोवंश बजंरगदल के कार्यकर्ताओं ने पुलिस के सहयोग से जप्त किया। सम्पूर्ण मध्यप्रदेश से गोवंश की तस्करी कर गोवंश को महाराष्ट्र, बंगाल ले जा रहे किसानों के नाम मांस व्यापारी गाडोल्या लोहार, भोलेभाले आदिवासीयों को चन्द रूपये देकर तस्करी करातें हैं। अभी तक का गोवंश कभी भी दक्षिण से उत्तर की ओर नहीं गया। बैल किसानों के लिये है न कि माँस मण्डी के लिए देवास. उमरीया, रूणीजा, मंहू में जप्त गोमाँस से यह सिद्ध होता है कि मध्यप्रदेश में लोकल सल्लाट हाउस में गोवंश का वध कर लोकल माँस की दुकानों पर बिक रहा है। मध्यप्रदेश गोवंश वध प्रतिशोध अधिनियम की अवहेलना कर तस्कर सक्रीय है और पुलिस अनदेखी कर रही है। मध्यप्रदेश गोवंश वध प्रतिशोध अधिनियम का सख्ती से पालन हो। मध्यप्रदेश 350 लगभग पशु मेला एवं हाट बाजार के माध्यम से यह सब तस्करी होती है। ऐसे पशु बाजार एवं मेले पर प्रतिबंध लगा कर नियम विरूद्ध भरा गया हो तो मेला समिति पर भी मध्यप्रदेश गोवंश प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाये। ज्ञापन का वाचन अमरदीप कुमावत ने किया व आभार नीलेश जैन ने माना। इस अवसर पर भगवानदास ज्ञानानी, गुरुचरण बग्गा, प्रकाश पालीवाल, प्रदीप चौधरी, लक्की बड़ोलिया, दिग्विजयसिंह, प्रवीण मंडलोई, अरविन्द चौहान, हेमंत बुलचंदानी, प्रतीक व्यास, अनिल धनगर, महेंद्र सुराह, गोवर्धन प्रमुख विनोद जाट, कन्हैयालाल धनगर, अंतिम देवड़ा, शंकर शर्मा, नवनीत पारीक, शांति देवी रावल, कन्हैयालाल सोनगरा, गौरव शर्मा, राजेश करानिया, मनीष भाटी, श्यामसुंदर विश्वकर्मा, रवि बरेड़ा, सूरज कुमावत, लक्की गोसर, गोविन्द नागदा, दिलीप लक्षकार, शुभम, अभिषेक वैष्णव, राकेश विश्वकर्मा, ईश्वर साहू, योगेंद्र राव, दशरथ सिंह झाला, सुभाष गुप्ता, उमेश पारीक, नरेंद्र बंधवार, राजेश पालीवाल, सूरजमल गर्ग चाचा, जयवर्धन गुप्ता, हिम्मत सिंह, जीवन गोसर, विक्की गोसर, कमल कोठारी, विक्रम मेहता, अरविन्द सारस्वत, मिथुन वप्ता, विनय दुबेला, मिलिन व्यास, कपिल भंडारी, कपिल मावर, बंटी चौहान, राजाराम तंवर, वरदीचंद कुमावत, प्रदीप गुप्ता, संजय लोढ़ा, विजय कोठारी, कारुलाल सोनी, अरुण शर्मा, अनूप महेश्वरी, घनश्याम सोनी, कमलेश नागदा, प्रहलाद दमानी, डॉ. सोहानी, अरविन्द नवले सहित नगर की सामाजिक धार्मिक एवं राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा गौ माता के सेवक बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। उक्त जानकारी प्रतीक व्यास ने दी।



# तालाबों की गाद का कमर्शियल उपयोग ना हो, इसका ध्यान रखें-कलेक्टर

## सभी सीएमओ भवनों की फायर ऑडिट कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें, साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक संपन्न

**मंदसौर, 10 जून गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक सुशासन भवन स्थित सभागृह में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान 5 जून से लगातार चल रहा है। इसमें पुरानी जल संरचनाओं का जीर्णोधार किया जा रहा है। इस अभियान में विशेष तौर पर ध्यान रखें कि तालाब की गाद का कमर्शियल उपयोग नहीं होना चाहिए। उस गाद का उपयोग किसान अपने खेत में कर सकता है। तालाबों के गहरीकरण में ग्राम पंचायत सचिव एवं सरपंच की मौजूदगी में कार्य हो तथा उनकी निगरानी में तालाब के गहरीकरण का कार्य किया जाए। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, वन मंडल अधिकारी श्री संजय रायखेरे, सभी जिलाधिकारी मौजूद थे।

सभी सीएमओ प्राइवेट भवनों की फायर ऑडिट कर रिपोर्ट एक सप्ताह में प्रस्तुत करें। इसके साथ ही शासकीय भवनों की फायर ऑडिट पीडब्ल्यूडी विभाग करके रिपोर्ट करेंगे। जिन भवनों में फायर ऑडिट के संबंध में सुरक्षा नहीं है, ऐसी भवनों को तुरंत लॉक करें। जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि बुक्स स्टोर की जानकारी सभी एसडीएम को भेजें। स्कूल में क्या गतिविधियां होना चाहिए और कौन सी गतिविधियां नहीं होने चाहिए, इसके नियमों को जरूर देखें और उनका पालन करवाए। सभी शासकीय भवनों में रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाया जाए। कोई भी भवन रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम से वंचित नहीं रहना चाहिए। कुएं एवं बावड़ी में जाली लगाया जाए तथा चारों तरफ दीवार बनाई जाए। वर्षा पूर्व की तैयारी के संबंध में सभी सीएमओ, सीईओ तथा पीडब्ल्यूडी विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि पुराने जर्जर भवनों को चिन्हित करें। जिन क्षेत्रों में बाढ़ का खतरा है, उस क्षेत्र के लिए कोई विशेष प्लान बनाएं।

# विद्या भारती अभा शिक्षण संस्थान की साधारण सभा सम्पन्न




**मंदसौर, 10 जून गुरु एक्सप्रेस।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की साधारण सभा बैठक दिनांक 10 जून 2024, तृतीय दिवस सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान, सैनिक विद्यालय, मंदसौर परिसर में आज दिन भर चली चर्चा के उपरांत समाप्त हुई। आगामी वर्ष के विभिन्न कार्यक्रमों की तिथि व स्थान तय करने, तथा श्री जेनपाल जैन एवं श्री रोहित वासवानी द्वारा पिछले वर्ष के अंकेक्षण रिपोर्ट पारित करने तथा आगामी वर्ष के लिए बजट तय करने जैसे नियमित कार्यों के अतिरिक्त आगामी वर्ष के खेलकूद विषय, संस्कृति महोत्सव तथा अटल टिंकरिंग लैब के सक्रिय संचालन की योजना तय की गई।

विद्या भारती के अमृत महोत्सव वर्ष 2027 तक भौगोलिक विस्तार तथा विद्यालयों की शैक्षिक गुणवत्ता विकास के लिए चरणबद्ध योजना का निर्धारण किया गया। सायंकाल संपन्न बैठक के समापन सत्र में सभी को अखिल भारतीय अध्यक्ष श्री डी रामकृष्ण राव के आशीर्वचन प्राप्त हुए। समापन उद्बोधन में राष्ट्रीय सेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल ने विद्यालयों के गुणवत्ता विकास, नवाचारी प्रयोग तथा भौतिक संसाधनों की व्यवस्था के साथ शिक्षकों के प्रशिक्षण तथा उनके द्वारा किए जाने वाले शैक्षिक प्रयोगों को प्रोत्साहित करने का आग्रह किया। इस अवसर पर सचित्र बाल मासिक देवपुत्र पत्रिका के देवी अहिल्या के बाल्यकाल पर आधारित विशेषांक का भी विमोचन किया गया।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत बावड़ियों की जा रही साफ-सफाई

**मंदसौर, 10 जून गुरु एक्सप्रेस।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत अभिनंदन क्षेत्र में स्थित नंदा नगर में बावड़ियों के परिसर में साफ सफाई की। नागरिकों की भागीदारी से इस काम को आगे बढ़ाया जा रहा है। इसी सिलसिले में जिला प्रशासन, नगर पालिका, जन अभियान परिषद, सामाजिक कार्यकर्ता, आम नागरिक बावड़ियों एवं तालाबों की साफ-सफाई के लिये उतरे। सभी ने श्रमदान कर प्राचीन बावड़ी को पुनर्जीवित करने में सभी से सहयोग करने का आह्वान किया। मंदसौर शहर सहित जिले के ग्रामीण अंचल में जन सहभागिता से जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू हुआ है। यह अभियान 16 जून तक चलेगा। जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों से होकर बह रहीं नदियों, सहायक नदियों, बाँध, तालाब व अन्य जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार एवं संरक्षण कार्य के लिये सुनियोजित योजना बनाकर काम किया जा रहा है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, उपाध्यक्ष श्रीमती चावला, रेड क्रॉस चेयरमैन श्री प्रीतेश चावला एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# खरीफ फसलों को लेकर खेतों में किसान कर रहे हैं जोर-शोर से तैयारियां



**खजूरीआंजना, 10 जून गुरु एक्सप्रेस।** मानसून की दस्तक 10 से 12 दिनों के बाद होने कों है लेकिन प्री-मानसून की आहट को देखते हुए किसान अब अपने खेतों में भिषण गर्मी में भी जुट गए हैं रबी फसल के बाद अब खरीफ फसलों का समय आ गया है इसलिए क्षेत्र में किसान अपने खेतों में साफ सफाई कर रहे हैं उसमें गोबर खाद व रासायनिक उर्वरक भी डाल रहे हैं वहीं दूसरी ओर इसके साथ ही सोसाइटियों से खाद का अग्रिम उठाव कर गोदामों में रख रहे हैं जैसे ही मानसून आता हैं इस कार्य में काफी तेजी आ जाएगी इस साल बुजुर्गों के अनुसार अच्छी बारिश के संकेत भी दिए गए हैं इसके चलते किसान अपनी खरीफ फसल की तैयारी में पूरी तरह से जुड़ चुके हैं इन दिनों किसान खेतों की जुताई व समतलीकरण के साथ-साथ खेतों की साफ सफाई करने में जुट गए हैं। जिले के कहीं किसानों ने तो अपनी खेती की जुताई कर उसे छोड़ दिया गया है। ताकि खेतों में रहे वह जीवाणु मर सके कई किसान खेतों की उर्वरक को बरक़रार रखने के लिए गोबर खाद डाल रहे हैं इस बार किसानों का कहना है कि इस साल पड़ रही भीषण तेज गर्मी से बारिश की अच्छी उम्मीद है किसान प्री मानसून के पहले किसान किसान अपनी व्यवस्था में जुड़ गए हैं क्योंकि 10 से 12 दिन के बाद मानसून का आगमन हो जाएगा। इसको ध्यान में रखते हुए किसान सोसाइटियों से खाद खरीद कर ले जा रहे हैं ताकि बारिश के दिनों में उन्हें खाद खरीदने के लिए लाइनों में ना लगना पड़े और ना ही परेशान होना पड़े और सही समय पर खेती का अपना-अपना काम हो जाए इस बार लोगों को अच्छी फसल होने की उम्मीद भी है किसानों को मानना है कि इस साल काफी अच्छी बारिश होगी जिससे किसानों को रवि की फसल में भी काफी फायदा होगा क्योंकि इस बार भिषण गर्मी के दौर भी ज्यादा ही रहा है इस बार गर्मी का त्यौहार 40 डिग्री से लगाकर 45 डिग्री तक रहा है जिससे लोगों को भिषण गर्मी की दौर में लोगों का घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया था इसलिए लोगों को कहना है कि इस बार वर्षा भी काफी अच्छी होगी जिसे अरब खरीफ की फसल में भी काफी फायदा नजर आएगा।

# पीएम श्री शालाओं के शिक्षकों का 5 दिवसीय आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण सम्पन्न

**मंदसौर, 10 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) मंदसौर में जिले के चयनित पीएम श्री शालाओं के शिक्षकों का 5 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन संस्था के प्राचार्य डॉ. दिलीपसिंह राठौड़ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर श्री राठौड़ द्वारा समस्त प्रशिक्षणार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए अवगत कराया कि समस्त प्रशिक्षणार्थी संस्थान में प्राप्त प्रशिक्षण का प्रभावी क्रियान्वयन अपनी-अपनी संस्था में अवश्य करेंगे जिससे शासन की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ दुरस्थ ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को अवश्य मिलेगा। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर प्रशिक्षण प्रभारी श्री आर.डी. जोशी द्वारा बताया गया कि इन पांच दिनों में पीएम श्री शाला के शिक्षकों को पाठ्यक्रम के साथ-साथ टीम भावना, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, मूल्यांकन आकलन, शाला प्रबंधन, आई.सी.टी. नेतृत्व एवं समुदाय पुस्तकालय टीएलएम आदि विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण अत्यधिक रोचक और प्रासंगिकता से परिपूर्ण था। समापन अवसर पर मार्गदर्शक शिक्षक साथी श्री शैलेन्द्र आचार्य, श्री शंभूसिंह चुण्डावत, श्री सुंदरलाल काकस, श्री पंकजकुमार गेहलोत के साथ-साथ जिले के चयनित पीएम श्री शालाएं क्रमश: बुढ़ा, कुंचड़ौद, झावल, मोतीपुरा, बघुनिया एवं हतुनिया तथा कंवला के शिक्षक उपस्थित थे।

## बाइक चोरी, प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 10 जून गुरु एक्सप्रेस।** ओवरब्रिज के नीचे खड़ी की बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सामने निवासरत सुमित फरक्या ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि बाइक (एमपी 14 एमएफ 8151) को ओवरब्रिज के नीचे लॉक कर खडा किया था। जिससे दोपहर 3 बजे अज्ञात बममाश चोरी कर ले गया। तलाश करने पर भी बाइक का पता नही चला। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया।

# पुलिस विभाग जितना मुस्तैद होगा, जनता की सुरक्षा की गारंटी उतनी ही सुदृढ़ होगी- एसडीओपी



**भानपुरा, 10 जून गुरु एक्सप्रेस।** अनुविभागीय अधिकारी पुलिस राजाराम धाकड़ द्वारा रविवार 9 जून की रात को भानपुरा थाने का औचक रात्रि निरीक्षण किया गया, थाने के रिकॉर्ड रजिस्टर माल खाने को चेक किया गया, रात्रि गश्त पार्टी को भी चेक किया गया।आकस्मिक निरीक्षण के दौरान थाने के अधिकारी/कर्मचारी एवम रात्रि गश्त पार्टी को लगातार तत्परता से ड्यूटी करने हेतु समझाईश व आदेशित किया गया। एसडीओपी श्री धाकड़ ने 9 जून रविवार की दरमियानी रात्रि एसडीओपी गरोठ राजाराम धाकड़ द्वारा भानपुरा थाने का औचक निरीक्षण किया गया। औचक निरीक्षण के दौरान थाने के रिकॉर्ड, रजिस्टर, सीसीटीएनएस,जरायम एवम मालखाना, हवालात को चेक करते कमी पूर्ति सुधार हेतु संबंधित कर्मचारी को दिशा निर्देश दिए गए। थाने के एचसीएम अन्य कर्मचारियों को तत्परता से ड्यूटी करने हेतु पाबंद किया। इस दौरान कर्मचारियों की उपस्थिति हेतु थाना हाजिरी भी चेक की गई। निरीक्षण के दौरान रात्रि गश्त पार्टी को चेक करते संबंधित गश्त पार्टी को अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमण करने, संदिग्धों पर निगाह रखने एवं तत्परता से ड्यूटी करने हेतु दिशा निर्देश दिए गए। श्री धाकड़ ने प्रेस नोट जारी करते हुए बताया कि आम जनता के प्रति पुलिस विभाग अपने कर्तव्य का पालन करते हुए जितना मुश्किल होगा उतनी ही जनता की सुरक्षा सुधृड़ होने के साथ पुलिस विभाग के प्रति आम जनता का सम्मान भी अधिक बढ़ेगा एवं जन सामान्य भी अपने बेहतर नागरिक बनने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा। आपने पुलिस थाना भनपुरा के पुलिया विभाग को सचेत किया की औचक निरीक्षण समय-समय पर जारी रहेंगे यदि किसी कार्य में लापरवाही पाई गई तो तत्काल नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# तहसीलदार के साथ बहस व उपस्थित स्टाफ के साथ अभद्रता करने वाले जैल अभिरक्षा में

**मनासा, 10 जून गुरु एक्सप्रेस।** दिनांक 10.06.2024 को तहसीलदार रामपुरा द्वारा भ्रमण के दौरान ग्राम हतुनिया रोड़ पर कुछ ट्रेक्टरों द्वारा बड़ी तेज गती चलाने पर उन्हें रूकवाकर पुछताछ की गई जिस पर वहां पर उपस्थित, कैलाशचंद्र पिता गोपाल गुर्जर, उम्र 43 साल, निवासी हतुनिया, पवन पिता रूघनाथ गुर्जर, उम्र 32 साल, निवासी हतुनिया, पप्पु पिता देवीलाल गुर्जर, उम्र 35 साल, निवासी हतुनिया, तथा तुलसीराम पिता गोपाल गुर्जर, उम्र 39 साल, निवासी हतुनिया के द्वारा विरोध स्वरूप में ट्रेक्टर भगाने का प्रयास किया गया एवं बहस कर उपस्थित स्टाफ के साथ अभद्रता की गई। जिसपर उनके खिलाफ थाना कुकड़ेश्वर में थाना प्रभारी को लिखित में शिकायत की गई। जिस पर उक्त के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई। साथ ही उक्त चारों व्यक्तियों को उपखण्ड मनासा के अनुविभागीय दण्डाधिकारी पवन बारिया द्वारा पुलिस थाना कुकड़ेश्वर में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर जैल अभिरक्षा में भी भेजा गया।

## पति ने पत्नी को पीटा, केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 10 जून गुरु एक्सप्रेस।** पति ने पत्नी को पीटा, पुलिस ने केस दर्ज किया। बरखेड़ापंथ निवासी रेखाबाई बावरी (30) ने मल्हारगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरी मां शांतिबाई मुझे घर मिलने आई थी, इस दौरान मेरे पति तुलसीराम ने गाली-गलौज की व कहा कि तेरी मां यहां क्यों आई। मैंने गालियां देने से मना किया तो तुलसीराम ने लकड़ी से पीटा, जिससे हाथ, कमर, सिर पर चोंट आई। पुलिस ने तुलसीराम के खिलाफ केस दर्ज किया।


**विनोद सालवी (हाईकोर्ट एडव्होकेट) मंदसौर**

कार्यालय :- भारत प्लाजा, गुरुद्वारा रोड मंदसौर मो.न. 9893203728

**✻✻✻ जाहिर सुचना ✻✻✻**

दिनांक 10.06.2024

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे व्यवहारीगण जाकीर पिता नबीनूर मुल्तानी, यास्मीन पिता शब्बीर मुल्तानी, मुख्त्यिार पिता बशीर सभी निवासी ग्राम मुल्तानपुरा मंदसौर के संयुक्त स्वामित्व आधिपत्य की कृषि भूमि जिसका कुल रकबा 0.136 आरी ग्राम दोलतपुरा तह व जिला मंदसौर में स्थित है तथा उक्त कृषि भुमि बंदोबस्त के दौरान राजस्व रिकार्ड में त्रुटि के कारण दर्ज नहीं हो पाई थी। तथा पुर्व में उक्त कृषि भुमि शब्बीर पिता नूर मोहम्मद के नाम राजस्व रिकार्ड में बंदोबस्त से पूर्व दर्ज थी तथा शब्बीर पिता नूर मोहम्मद की मृत्यु उपरांत उनके वैध वारिस बंदोबस्त के उपरांत जाकीर, यास्मीन, मुख्त्यिार बिस्मिल्लाह, जाकीर, हसीना, आशिक, मकसूद, राहिद, यास्मीन, आदिल, अफसाना है तथा मेरे व्यवहारीगण द्वारा राजस्व न्यायालय मंदसौर में विधिवत राजस्व बंदोबस्त में त्रुटि होने से मेरे व्यवहारीगण के स्वामित्व आधिपत्य के सर्वे नम्बर एवं रकबा 0.13 आरी दर्ज नहीं हो पाया है जिसके संबंध में अनुविभागीय अधिकारी मंदसौर के यहा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया था। जिसे बिना सही जांच के प्रतिवदेन के आधार पर अनुविभागीय अधिकारी मंदसौर द्वारा दिनांक 12.09.2023 को उक्त आवेदन निरस्त कर दिया है। जिसको निरस्त करवाने एवं मेरे व्यवहारीगण के नाम से राजस्व खसरे में नवीन सर्वे नम्बर कायम कर 0.13 आरी का रकबा दर्ज किये जाने हेतु एक व्यवहार वाद न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश महोदय, वर्ग 2 मंदसौर में प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण क्रमांक आरसीएसए/161/2024 होकर जो उक्त प्रकरण माननीय न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है।

भवदीय
विनोद सालवी एडव्होकेट, मंदसौर



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम**
**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी संजीत मार्ग मंदसौर स्थित भूखण्ड क्रमांक EWS.B-233 श्रीमती सोहन बाई सकलेचा पति श्री दुवाचन्द्र सकलेचा को मण्डल आदेश क्रमांक 9497 दिनांक 7.11.1990 को नामांतरित किया गया था।

श्रीमती सोहनबाई सकलेचा पति श्री दुवाचन्द्र सकलेचा द्वारा उक्त भूखण्ड श्री प्रहलाद कंठाली पिता श्री बद्रीलाल कंठाली को विक्रय कर विक्रय पत्र दिनांक 07.12.1990 को उप पंजीयक कार्यालय में पंजीयन निष्पादित करवा दिया था। श्री प्रहलाद कंठाली पिता श्री बद्रीलाल कंठाली का स्वर्गवास दिनांक 28.04.2021 एवं इनकी पत्नी श्रीमती चंद्रकाता कंठाली पति स्व. श्री प्रहलाद कंठाली का स्वर्गवास दिनांक 28.04.2021 को हो जाने से श्री प्रहलाद कंठाली पिता श्री बद्रीलाल कंठाली के पुत्र श्री विजय कंठाली पिता स्व. श्री प्रहलाद कंठाली अपनी दोनों बहनों श्रीमती अर्चना दोसी पति श्री मयंक दोसी एवं श्रीमती विभा सूरा पति श्री अमित सूरा की सहमति एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर भवन का नामान्तरण अपने नाम करवाना चाहते है। इस सम्बन्ध में मण्डल अधिवक्ता से उक्त भवन का अभिमत एवं सर्च रिपोर्ट दिनांक 21.03.2024 को प्राप्त की गई।

अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भूखण्ड क्रमांक EWS.B-233 संजीत मार्ग मंदसौर का नामान्तरण श्री विजय कंठाली पिता स्व. श्री प्रहलाद कंठाली के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल संभाग–रतलाम (मप्र)



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम**
**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी संजीत मार्ग मंदसौर स्थित भवन क्रमांक MIG.II C-02 श्री दिनेश कुमार केवड़ा पिता श्री भेरुलाल केवडा को मण्डल द्वारा आवंटित किया गया था। श्री दिनेश कुमार केवड़ा पिता श्री भेरुलाल केवडा द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्री नरेन्द्र सिंह राणावत पिता श्री लक्ष्मण सिंह राणावत इनके द्वारा भवन का विक्रय विलेख दिनांक 14.07.2024 को उप पंजीयक कार्यालय मंदसौर में निष्पादित किया गया था। श्री नरेन्द्र सिंह राणावत पिता श्री लक्ष्मण सिंह राणावत का स्वर्गवास दिनांक 19.02.2007 तथा इनकी पत्नी श्रीमती इन्दर कुंवर पति स्व.श्री नरेन्द्र सिंह राणावत 02.02.2018 एवं इनके एक मात्र पुत्र श्री उम्मेद सिंह राणावत पिता स्व. श्री नरेन्द्र सिंह राणावत का स्वर्गवास दिनांक 12.09.1996 एवं इनकी पत्नी पूर्णनेशवरी राणावत पति स्व. श्री उम्मेद सिंह राणावत का स्वर्गवास 12.09.1996 को हो जाने से इनकी पोत्री श्रीमती लक्ष्मी डोडिया पति श्री पति श्री अजय डोडिया अपने एक मात्र भाई श्री श्रवण सिंह राणावत पिता स्व. श्री उम्मेद सिंह राणावत एवं दोनों बहनों श्रीमती रत्ना प्रभा पति श्री विनय कुमार एवं श्रीमती शोभा पति श्री नरेन्द्र की सहमति एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर भवन का नामान्तरण अपने नाम करवाना चाहती है। इस सम्बन्ध में मण्डल अधिवक्ता से उक्त भवन का अभिमत एवं सर्च रिपोर्ट दिनांक 21.03.2024 को प्राप्त की गई।

अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय सस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन क्रमांक MIG.II C-02 संजीत मार्ग मंदसौर का नामान्तरण श्रीमती लक्ष्मी डोडिया पति श्री पति श्री अजय डोडिया के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल संभाग–रतलाम (मप्र)



**कार्यालय नगर परिषद नारायणगढ़, जिला–मंदसौर (म.प्र.)**

क्रमांक –1053/2024 नारायणगढ़, दिनांक – 10.06.2024

सर्व साधारण आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि नगर परिषद सीमा क्षेत्र के अंतर्गत स्थित भवन/भूमि पर नामांतरण हेतु निम्नांकित व्यक्तियों ने आवेदन पत्र प्रस्तुत किये है, जिनका विवरण निम्नानुसार है। अतः नामांतरण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित में कार्यालय नगर परिषद नारायणगढ़ में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते है। समय तिथि पश्चात कोई चाही आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

| क्रं. | मोहल्ले का नाम | वार्ड क्रं. | फाईल क्रं. | सर्वे क्रमांक | नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुतकर्ता आवेदन का नाम | नप सम्पत्ति कर रिकार्ड में दर्ज नाम | परिवर्तन का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 12 | मनासा रोड | 15 | 1 | 2195 मिन 1 | दिनेशचंद्र दुलीचंद्र पाटीदार | दर्ज नहीं है | डायवर्शन भूमि स्वामी |
| 13 | माली गली | 14 | 2 | रेव.2663 पेकी | आरिफ जाकिर हुसैन | दर्ज नहीं है | विक्रय पत्र डायवर्शन |
| 3 | चारभुजा मंदिर रोड | 1 | 3 | 386 पैकी | दशरथ गोपालदास बैरागी | राधेलाल गंगाराम पाटीदार | विक्रय पत्र |
| 4 | मनासा रोड | 15 | 4 | 1817 पेकी | निर्मलाबाई दिलीप पाटीदार | मंजूबाला नागेश्वर पोरवाल | विक्रय पत्र |
| 5 | सुतार कुई रोड | 7 | 5 | 1124/1 | सुनील भुवानीशंकर पाटीदार | भुवानीशंकर नंदलाल दिवाणिया | दान पत्र |
| 6 | जामुन गली | 4 | 6 | 80 पेकी | चंद्रप्रकाश रघुवीरदास बैरागी | सोहनबाई, कोमलदास, चंद्रप्रकाश बैरागी | हकत्याग, रजिस्ट्री |
| 7 | जामुन गली | 4 | 7 | 82 पेकी | गट्टूबाई बद्रीदास बैरागी | दर्ज नहीं है | विक्रय पत्र |
| 8 | भागरिया रोड | 14 | 8 | 2083 पेकी | पूजाबाई पवन चौहान | राजेश रामनारायण पाटीदार | विक्रय पत्र |
| 9 | कुम्हार गली | 1 | 9 | 63, 64 पेकी | रेखा अनिल प्रजापति | कंचनबाई अंबालाल प्रजापति | विक्रय पत्र |
| 10 | पटेल मंदिर के पीछे | 1 | 10 | 363 पेकी | पुखराज रमेशचंद्र पटेल | सुरेश जमनालाल पाटीदार | विक्रय पत्र |
| 11 | मल्हारगढ़ रोड | 2 | 11 | रेव. 1760 पेकी | राजेश रमेशचंद्र पाटीदार | दर्ज नहीं है | डायवर्शन भूमि स्वामी |
| 12 | मोटीपोर | 6 | 12 | 1288/2 | कलाबाई सत्यनारायण पंवार | सत्यनारायण भेरुलाला पंवार | उत्तराधिकारी |
| 13 | पुरानी नप रोड | 13 | 13 | 2339 | कलाबाई सत्यनारायण पंवार | सत्यनारायण भेरुलाला पंवार | उत्तराधिकारी |
| 14 | काल्याकोट | 8 | 14 |  | भूलीबाई चेनराम तेली | चेनराम मूलचंद तेली | उत्तराधिकारी |
| 15 | बखारिया खाल | 12 | 15 | 1812 1/2, 1816 1/2 | नाथूलाल रामलाल, कलाबाई नाथूलाल ग्वाला | नाथूलाल रामलाल ग्वाला | सहस्वामित्व |

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद नारायणगढ़, जिला–मंदसौर (म.प्र.)




स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in